रंगों के पावन पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 27 | अंक : 82 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 13 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# होली व जुमे की नमाज पर यूपी में अलर्ट

## 12 जिलों में बदला गया नमाज का समय, संभल के कार्तिकेय मंदिर में 46 साल बाद होगी होली



**लखनऊ ( एजेंसी )।** होली और जुमे की नमाज को लेकर उत्तर प्रदेश में पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है. संभल, शाहजहांपुर, सहारनपुर, अलीगढ़, बरेली आदि जिलों के संवेदनशील इलाकों में फोर्स की तैनाती की गई है। कई मस्जिदों को तिरपाल से ढका गया है, ताकि उन पर रंग-गुलाल ना पड़े और अमन-चैन कायम रहे।

प्रदेश के 12 जिलों में जुमे की नमाज का वक्त भी बदल दिया गया है। संवेदनशील संभल में खास सुरक्षा है। यहां की शाही जामा मस्जिद में कल दोपहर 2.30 बजे नमाज होगी। वहीं अलीगढ़ में स्थित अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में आज होली खेली गई। यहां एनआरसी क्लब ने होली समारोह का आयोजन किया। उत्तर प्रदेश में होली औ जुमे की नमाज को लेकर खास अलर्ट है।

शाहजहांपुर में सबसे ज्यादा करीब 67 मस्जिदों को तिरपाल और पन्नी से ढका गया है। यहां 'लाट साहब' के जुलूस के लिए पुलिस संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर रही है। हर छोटी-बड़ी मस्जिद के बाहर पुलिस तैनात है। वहीं, संभल का माहौल पहले से ही संवेदनशील है, ऐसे में जामा मस्जिद के बाहर भारी पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। होली को देखते हुए शहर में दर्जन भर मस्जिदों को ढक दिया गया है। पुलिस टीम लगातार संवेदनशील इलाकों में गश्त लगा रही है. पुलिस ने करीब एक हजार लोगों को पाबंद किया है।

उधर, बरेली जिले में कई मस्जिद, दरगाह, मजार और इमामबाड़े को ढका गया है। ताकि होली के जुलूस के दौरान उनपर कलर ना पड़े। इस बीच थाना कोतवाली क्षेत्र के मलुकपुर इलाके में एडीजी बरेली जोन, जिलाधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में फ्लैग मार्च किया है. पीस कमेटी की बैठक में शांति बनाए रखने की अपील की गई।

उत्तर प्रदेश के कई शहरों में जुमे की नमाज का टाइम बदला है। 2 बजे अजान होगी और 2.30 बजे तक नमाज अदा की जाएगी। लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, मुरादाबाद, रामपुर, अलीगढ़, झांसी, अयोध्या, सहारनपुर, उन्नाव आदि संवेदनशील जिलों में पुलिस ने पीस कमेटी की बैठक कर नमाज के समय को एक घंटे के लिए बढ़ाया है।

हाल ही में संभल में खुले खग्गू सराय के शिव हनुमान मंदिर में 46 साल बाद लोगों ने होली खेली और गीत गाए। इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

### प्रदेश के कई जिलों में मस्जिदों को तिरपाल से ढका





अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में खेली गई होली

---

## गौतमबुद्धनगर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस अलर्ट



**गौतमबुद्धनगर ( एजेंसी )।** होली और जुमे की नमाज एक ही दिन पड़ रही है। इसे लेकर नोएडा पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। त्योहारों को लेकर गौतमबुद्धनगर के पुलिस प्रशासन ने व्यापक कार्य योजना तैयार की है। योजना के तहत एक ओर जा ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए विशेष प्लान तैयार किए गए हैं। वहीं दूसरी ओर असामाजिक तत्वों के ऊपर नजर रखने के लिए चेकिंग की गई है। नोएडा पुलिस ने जगह-जगह फ्लैग मार्च भी किया है।

एडिशनल सी पी शिव हरी मीणा की देखरेख में नोएडा के मॉल्स, मेट्रो स्टेशन और मार्केटिंग एरिया जैसे पब्लिक प्लेस पर पुलिस सघन जांच अभियान चला रही है और संदिग्ध नजर आने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है। इस अभियान में पुलिस ने डॉग स्क्वायड, मेटल डिटेक्टर और भारी पुलिस बल के साथ सभी पब्लिक प्लेस पर चेकिंग में जुटी है। मेट्रो स्टेशन, मॉल के साथ ही जिले के बॉर्डर चेकिंग की जा रही है और इंटेलिजेंस भी बढ़ा दी गई है। पुलिस चप्पे चप्पे पर निगरानी रखे हुए है। एडिशनल सीपी का कहना है कि किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा होली के पर्व के अवसर पर किसी प्रकार से शांति व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयत्न किया गया तो उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## गुरुग्राम में किंगडम ऑफ ड्रीम्स जलकर खाक



**गुरुग्राम ( एजेंसी )।** गुरुग्राम में स्थित किंगडम ऑफ ड्रीम्स में भीषण आग लग गई है। इस पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। बताया जा रहा है कि आग किंगडम ऑफ ड्रीम्स की की कल्चर गैलरी में लगी है। आग के चलते उठती लपटों को काफी दूर से देखा जा सकता है। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटी हुई हैं। फिलहाल आग लगने के पीछे की वजह का पता नहीं चल पाया है। बता दें कि किंगडम ऑफ ड्रीम्स का उद्घाटन गुरुग्राम के सेक्टर-29 में साल 2010 में हुआ था। यह गुरुग्राम की एक बड़ी टूरिस्ट अट्रैक्शन है।

## 16 मार्च को होगी भाजपा अध्यक्षों की घोषणा

### नोएडा में अक्षम व निष्क्रिय अध्यक्ष थोपने की तैयारी!

अरुण सिन्हा

**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष तथा नोएडा महानगर अध्यक्ष के पदों की घोषणा 16 मार्च को होगी।

पार्टी के प्रदेश स्तर के सुविज्ञ पदाधिकारी सूत्रों की मानें तो 16 मार्च को दोनों ही पदों की घोषणा हो जाएगी। जिला चुनाव अधिकारी व कौशाम्बी के पूर्व सांसद विनोद सोनकर जनपद में एक ही जगह पर बैठक करके नोएडा महानगर अध्यक्ष तथा जिलाध्यक्ष की घोषणा करेंगे।

नोएडा महानगर के पार्टी कार्यकर्ताओं की मानें तो नोएडा में अक्षम व निष्क्रिय कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष पद पर थोपने की तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि इस नाम पर अब सांसद व विधायक खेमे की भी एकराय हो चुकी है। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के एक पदाधिकारी का भी इस नाम पर पूरा समर्थन बताया जाता है। जबकि नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता तथा समूची टीम किसी सक्रिय तथा सक्षम व कर्मठ कार्यकर्ता को महानगर अध्यक्ष बनाये जाने की शुरू से ही वकालत कर रही हैं। इस खेमे का मानना है कि हाईकमान को उन्होंने 4 नाम लिखकर भेजे हैं। इसमें दो कार्यकर्ता भाजपा में नोएडा महानगर में महामंत्री, एक महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष तथा एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कार्य कर रहे हैं। चारों पदाधिकारी दशकों से पार्टी में सक्रिय हैं तथा उन पर सभी कार्यकर्ता एक राय भी हैं। इसके बाद भी नोएडा महानगर अध्यक्ष के पद अक्षम व निष्क्रिय कार्यकर्ता थोपने की तैयारी तकरीबन हो गई बताई जाती है। कौन अध्यक्ष बनेगा, इस पर सभी कार्यकर्ताओं की निगाहें 16 मार्च की घोषणा पर टिकी है।

---

## नोएडा प्राधिकरण में अफसरों व कर्मचारियों ने मनाई होली






**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेक्टर-6 स्थित प्राधिकरण कार्यालय तथा इंदिरा गांधी कला केन्द्र में धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया। इस दौरान नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम, एसीईओ संजय खत्री, वंदना त्रिपाठी, सतीश पाल महाप्रबंधक एसपी सिंह (जनस्वास्थ्य), महाप्रबंधक (जल) आरपी सिंह, उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल, वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल, आर.के. शर्मा, कपिल देव, राजकमल सिंह, विश्वास त्यागी, अनिल सिंह, एनईए अध्यक्ष चौ. राजकुमार, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा तथा नायब तहसीलदार दिव्या काकरान, समेत सभी अधिकारियों तथा सभी कर्मचारियों ने एक-दूसरे के साथ होली खेलकर खुशी का इजहार किया। इंदिरा गांधी कला केन्द्र में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## होली पर समुचित मात्रा में होगी जलापूर्ति



**नोएडा ( चेतना मंच )।** कल होली के अवसर पर नोएडा में जल की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेगी। सुबह तथा शाम को पूर्व की तरह नियमित जल आपूर्ति होगी, इसके अलावा अतिरिक्त जल आपूर्ति भी की जाएगी, ताकि होली खेलने वालों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग के महाप्रबंधक आर.पी. सिंह ने बताया कि जल विभाग के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि होली पर जल आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो। प्रत्येक सेक्टर तथा गांव में पर्याप्त मात्रा में जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। यदि कहीं से कोई शिकायत मिले, तो तुरंत मौके पर जाकर समस्या का समाधान किया जाए, ताकि लोगों को जल संकट का सामना न करना पड़े।

बता दें कि होली के पर्व पर सभी पंप ऑपरेटरों को पंपों पर तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जल आपूर्ति सुचारू रूप से बनी रहे।


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)

कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस




सभी क्षेत्रवासियों को
रंगोत्सव
होली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
B.J.P.
डॉ महेश शर्मा
सांसद, गौतमबुद्धनगर लोकसभा,
एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री
तेजपाल सिंह नागर
विधायक (दादरी विधानसभा)
भारतीय जनता पार्टी, गौतमबुद्धनगर

# ग्रेटर नोएडा में तीन बार होगी जलापूर्ति

- सीईओ के निर्देश पर ग्रेनो प्राधिकरण के जल विभाग ने की तैयारी



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा में होली के दिन तीन बार जलापूर्ति करने का निर्णय लिया है, ताकि ग्रेटर नोएडावासी इस पावन पर्व को अच्छे से मना सकें। उनको पानी की दिक्कत नहीं हो। अगर कहीं पानी की दिक्कत होती है तो वहां टैंकर से पानी पहुंचाने के इंतजाम किए गए हैं। जल विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि 14 मार्च को सुबह 7 बजे से 9.30 बजे तक, दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक और शाम 7 बजे से रात 9.30 बजे तक जलापूर्ति की जाएगी। इसके बावजूद अगर किसी को पानी की दिक्कत हो तो वह मोबाइल नंबर 7983604110, 9811839456, 9873763995, 9899331572, 9654302913, 8130504019, 8377911380, 9871090100 और 8859285804 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एनजी रवि कुमार ने सभी ग्रेटर नोएडावासियों से अपील की है कि पानी की बचत करें, व्यर्थ न करें। होली पर्व को हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ मनाएं।








**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैः–

**क्रम सं.-1,** ई–निविदा संख्याः CPM-GS-IZN-2025-01, कार्य का नामः इज्जतनगर मंडल के आरएमयू–एलकेयू सेक्शन में 28 लेवल क्रॉसिंग के बदले आरओबी/आरयूबी के निर्माण के लिये व्यवहार्यता अध्ययन, सर्वेक्षण और डीपीआर तैयार करना। अनुमानित निविदा मूल्य (रू.): ₹ 2,12,67,911.76, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,56,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः निल, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 (छः) माह।

◆बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथिः 19-03-2025 ◆उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथिः दिनांक 02-04-2025, 15:00 बजे तक। ◆उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 02-04-2025, 15:30 बजे। ◆निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ◆निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति, इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू-442

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।







# सामाजिक भेदभाव को मिटाकर सबको गले मिलाने का त्योहार है होली

वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण त्योहार है होली। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को पड़ने वाला रंगों का यह त्योहार सामाजिक भेदभाव को मिटाकर सबको गले मिलने का अवसर उपलब्ध कराता है। इस दिन हर वर्ग के लोग टोलियां बनाकर अपने घर से निकलते हैं और दूसरों के घर जाकर रंग लगाते हैं, मिठाई खाते, खिलाते हैं और एक दूसरे को शुभकामनाएं प्रदान करते हैं। कई जगह तो इन टोलियों की ओर से सांस्कृतिक आयोजन भी किये जाते हैं। यह पर्व पारंपरिक रूप से दो दिन मनाया जाता है। पहले दिन को होलिका जलायी जाती है, जिसे होलिका दहन भी कहते है। दूसरे दिन, जिसे धुलेंडी कहा जाता है, लोग एक दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल इत्यादि फेंकते हैं और ढोल बजा कर होली के गीत गाये जाते हैं।

## बरसाने की होली की बात ही अलग है

होली पर्व के आने की सूचना होलाष्टक से प्राप्त होती है, होलाष्टक को होली पर्व की सूचना लेकर आने वाला एक हरकारा कहा जा सकता है। होली ब्रज क्षेत्र में तो पूरे 9 दिनों के त्योहार के रूप में मनाई जाती है। धुलेंडी के दिन रंग और गुलाल के साथ इस पर्व का समापन होता है। होली के इन 9 दिनों का उल्लास और मस्ती ब्रज क्षेत्र में देखते ही बनती है। बरसाने की लठमार होली काफी प्रसिद्ध है। इसमें पुरुष महिलाओं पर रंग डालते हैं और महिलाएं उन्हें लाठियों तथा कपड़े के बनाए गए कोड़ों से मारती हैं। मथुरा और वृंदावन में तो 15 दिनों तक होली का पर्व मनाया जाता है। होली में जिस तरह रंगों की विभिन्नता देखने को मिलती है उसी प्रकार इसको मनाये जाने के प्रकार में भी देश के विभिन्न प्रांतों में भिन्नता देखने को मिलती है। इस दिन उत्तराखंड के कुमाउं की गीत बैठकी में शास्त्रीय संगीत की गोष्ठियां आयोजित की जाती हैं तो हरियाणा में भाभी द्वारा देवर को सताए जाने का सब आनंद लेते हैं। महाराष्ट्र में सूखा गुलाल खेलने, और गोवा में जलूस निकालने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है तथा पंजाब में होला मोहल्ला में सिखों की ओर से शक्ति प्रदर्शन किये जाने की परंपरा है। छत्तीसगढ़ की होरी में लोक गीतों की अद्भुत परंपरा है और मध्य प्रदेश के मालवा अंचल तथा दक्षिण गुजरात के आदिवासी इलाकों में यह पर्व बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। बिहार में फगुआ जम कर मौज मस्ती करने का पर्व है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में इस दिन डीजे और ढोल की थापों पर लोग नाचते गाते और एक दूसरे को गुजिया खिलाते नजर आते हैं।

बंगाल में होली को %डोल यात्रा% व %डोल पूर्णिमा% कहते हैं



और होली के दिन श्री राधा और कृष्ण की प्रतिमाओं को डोली में बैठाकर पूरे शहर में घुमाया जाता है। बंगाल में होली को %बसंत पर्व% भी कहते हैं। इसकी शुरुआत रवीन्द्र नाथ टैगोर ने शान्ति निकेतन में की थी। उड़ीसा में भी होली को %डोल पूर्णिमा% कहते हैं और इस दिन भगवान जगन्नाथ जी की डोली निकाली जाती है। राजस्थान में मुख्यत: तीन प्रकार की होली होती है। माली होली- इसमें माली जात के मर्द, औरतों पर पानी डालते हैं और बदले में औरतें मर्दों की लाठियों से पिटाई करती हैं। इसके अलावा गोदाजी की गैर होली और बीकानेर की डोलची होली भी काफी चर्चित हैं। कर्नाटक में यह त्योहार कामना हब्बा के रूप में मनाया जाता है। कहा जाता है कि इस दिन भगवान शिव ने कामदेव को अपने तीसरे नेत्र से जला दिया था। इस दिन कूड़ा-करकट फटे वस्त्र, एक खुली जगह एकत्रित किए जाते हैं तथा इन्हें अग्नि को समर्पित किया जाता है।

## होलिका दहन की परम्परा

ग्रामीण क्षेत्रों में इस पर्व से सामाजिक जुड़ाव काफी गहरा देखने को मिलता है क्योंकि होली के पंद्रह बीस दिन पहले से ही गोबर के पतले पतले उपले और अंजुलि के आकार की गुलेरियां बनाना प्रारम्भ हो जाता है। इनके बीच में बनाते समय ही उंगलि से एक छेद बना दिया जाता है। इनके सूख जाने पर इन्हें रस्सियों में पिरोकर मालाएं बनाई जाती हैं। होलिका दहन के दो तीन दिन पूर्व खुले मैदानों और अन्य निर्धारित स्थानों पर होली के लकड़ी कण्डे आदि रखना प्रारम्भ कर दिया जाता है। उनमें ही रख दी जाती हैं मालाएं। अनेक क्षेत्रों में इन सामूहिक होलिकाओं के साथ-साथ एक मकान में रहने वाले सभी परिवार मिलकर अतिरिक्त रूप से भी होलियां जलाते हैं। होली की अग्नि में पौधों के रूप में उखाड़े गए चने, जौ और गेहूं के दाने भूनकर परस्पर बांटने की भी परम्परा है। होलिका दहन तो रात्रि में होता है, परन्तु महिलाओं द्वारा इस सामूहिक होली की पूजा दिन में दोपहर से लेकर शाम तक की जाती है। महिलाएं एक पात्र में जल और थाली में रोली, चावल, कलावा, गुलाल और नारियल आदि लेकर होलिका माई की पूजा करती हैं। इन सामग्रियों से होली का पूजन किया जाता है और जल चढ़ाया जाता है। होलिका के चारों ओर परिक्रमा देते हुए सूत लपेटा जाता है। शास्त्रों के अनुसार भद्रा नक्षत्र में होलिका दहन पूर्णतया वर्जित है। इस दिन पुरुषों को भी हनुमानजी और भगवान भैरवदेव की विशिष्ट पूजा अवश्य करनी चाहिए। प्रत्येक स्त्री पुरुष को होलिका दहन के समय आग की लपटों के दर्शन करने के बाद ही भोजन करना चाहिए।

## होली पर्व से जुड़ी कथा

मान्यता है कि प्राचीन काल में हिरण्यकशिपु नाम का एक अत्यंत बलशाली असुर था। वह स्वयं को ही ईश्वर मानने लगा था। उसने अपने राज्य में ईश्वर का नाम लेने पर ही पाबंदी लगा दी थी। हिरण्यकशिपु का पुत्र प्रह्लाद ईश्वर भक्त था। प्रह्लाद की ईश्वर भक्ति से क्रुद्ध होकर हिरण्यकशिपु ने उसे अनेक कठोर दंड दिए, परंतु उसने ईश्वर की भक्ति का मार्ग न छोड़ा। हिरण्यकशिपु की बहन होलिका को वरदान प्राप्त था कि वह आग में भस्म नहीं हो सकती। हिरण्यकशिपु ने आदेश दिया कि होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठे। आग में बैठने पर होलिका तो जल गई, पर प्रह्लाद बच गया। ईश्वर भक्त प्रह्लाद की याद में इस दिन होली जलाई जाती है। माना जाता है कि प्रह्लाद का अर्थ आनन्द होता है। वैर और उत्पीड़न की प्रतीक होलिका (जलाने की लकड़ी) जलती है और प्रेम तथा उल्लास का प्रतीक प्रह्लाद (आनंद) अक्षुण्ण रहता है।

-शुभा दुबे




























सभी क्षेत्रवासियों को

रंगोत्सव होली

की हार्दिक शुभकामनाएं



APEX ENTERPRISES

NANDINI ENTERPRISES

Proprietor

Praneet Bhati

Proprietor

Niketa Bhati

डी-35, ओमेक्स इंडिया ट्रेड सेंटर, अल्फा-2, ग्रेटर नोएडा

# नई दुल्हन ससुराल में क्यूं नहीं मनाती पहली होली



**देवर के लिए होली भाभी के साथ खेलना खास होता है, वहीं साली का जीजा जी के साथ। लेकिन भैया की जब शादी होती है तो भाभी की पहली होली ससुराल में नहीं बल्कि मायके में होती है। तो देवर को भाभी के साथ पहली होली खेलना नसीब नहीं होता। लेकिन साली का सपना पूरा होता है। दामाद जी की पहली होली ससुराल में होती है और साली के संग जमकर रंग खेलते हैं। सवाल है कि आखिर ये परंपरा क्यों निभाई जाती है। इसके पीछे की वजह क्या है?**

**जानें पौराणिक कथा**

सबसे पहले इसके पीछे की पौराणिक कथा जानते जो होलिका से जुड़ी हुई है। प्रह्लाद को जलाने के लिए होलिका एक दिव्य वस्त्र ओढ़कर आग में बैठी थी। बुआ की गोद में बैठकर प्रह्लाद भगवान विष्णउ का नाम जप रहे थे। इस दौरान होलिका के देह से दिव्य वस्त्र हटकर भक्त प्रह्लाद के ऊपर आ गया और वह बच गए। जबकि होलिका जलकर भस्म हो गई। कहा जाता है कि जिस दिन होलिका आग में जली उसी दिन उसकी शादी होनी थी। इलोज के साथ विवाह होना था। बेटे की बारात लेकर इलोजी की मां होलिका के घर पहुंची लेकिन उसकी चिता जलते देखकर बेसुध हो गई। बेटे का घर बसने से पहले ही उजड़ गया था। जिससे वो प्राण त्याग दीं। बस तभी से प्रथा चला आ रही है कि नई बहू को ससुराल में पहली होली नहीं देखनी चाहिए।

**पहली होलिका दहन सास के साथ नहीं देखनी चाहिए ?**

कहा जाता है कि अगर बहू ससुराल में होलिका दहन देखती है तो घर में कलह की शुरुआत हो जाती है। सास-ससुर के साथ रिश्ते बिगड़ जाते हैं।

दूसरा अगर कारण जानें तो होली एक ऐसा फेस्टिवल है जहां पर हर किसी को सहज होना चाहिए। शादी के बाद दुल्हन पूरी तरह ससुराल में कंफर्टेबल नहीं हो पाती है।उसे हर रिश्ते को समझने और घुलने-मिलने में समय लगता है। इसलिए पहले साल उसे मायके में रहकर आराम से त्योहार मनाने का मौका दिया जाता है।










## होली पर गुलाल से जुड़े ये उपाय करने से दूर होगी आर्थिक समस्या

होली रंगों का त्योहार है और यह त्योहार बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। हर साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को होली का पर्व मनाया जाता है। ऐसे में इस बार 13 मार्च 2025 को होलिका दहन और उसके अगले दिन यानी की 14 मार्च 2025 को होली का पर्व मनाया जाएगा। ऐसे में होली पर किए गए कुछ छोटे-छोटे उपायों से आप भी अपनी जिंदगी में खुशियां भर सकते हैं। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि यदि होली पर कुछ उपाय किए जाते हैं, तो व्यक्ति के घर सुख-सौभाग्य आता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गुलाल से जुड़े कुछ उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अगर आप होली के दिन तुलसी के पौधे को गुलाल अर्पित करते हैं। इस उपाय को करने से जातक को वास्तु दोष से मुक्ति मिलती है। इसलिए होली पर सबसे पहले अपने इष्ट देव को रंग अर्पित करें और फिर एक-दूसरे के साथ होली खेलें। इस उपाय को करने से जातक के भाग्य और सौभाग्य में वृद्धि होती है। होली के दिन अगर पति-पत्नी दोनों मिलकर गाय के चरणों में गुलाल लगाते हैं और गाय को गुड़ रोटी खिलाते हैं। तो इससे पति-पत्नी पर गौ माता की कृपा बनी रहती है। वहीं पति-पत्नी के प्रेम संबंधों में मजबूती आती है।

**दूर होगी आर्थिक समस्याएं**

अगर आप भी आर्थिक समस्या से परेशान हैं, तो आप होली के दिन गुलाल का आसान सा उपाय कर सकते हैं। आर्थिक समस्या से छुटकारा पाने के लिए घर के मुख्य द्वार पर थोड़ा सा गुलाल डालें। फिर दो मुखी दीपक जलाएं। इस उपाय को करने से आर्थिक समस्या से छुटकारा मिल सकता है। साथ इससे आय वृद्धि के भी योग बनते हैं। बता दें कि होली की सुबह किसी पात्र में हल्दी या फिर पीले रंग का गुलाल को घोलकर घर के मुख्य द्वार के दोनों कोनों पर छिड़काव कर दें।






























# उप्र युवा व्यापार मंडल ने धूमधाम से मनाई होली

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश पदाधिकारियों ने सेक्टर-115 के प्रदेश कार्यालय में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया।

महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष वन्दना गुप्ता ने बताया कि हिंदुओं के पावन त्योहार पर हम सब एक होकर रंगों का त्योहार होली मिल जुलकर मनाते हैं। प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि हमारा देश विविधता में एकता का देश है। यहाँ सभी धर्मों के रीति रिवाज़ का सम्मान होता है।



प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल ने बताया कि अभी पदाधिकारियों ने मिलकर प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन को और प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता को शुभकामनाएं दी। व्यापार मंडल के पदाधिकारी उन्हें होली के गानों पर थिरक का ख़ूब मस्ती की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण गर्ग निखिल अग्रवाल प्रदेश मंत्री शिवा चौहान मनीष शर्मा अंकुर बंसल महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती वंदना गुप्ता उपाध्यक्ष शेर्या शर्मा उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शक्तिसिंह उपाध्यक्ष अमित गोयल क्रॉकरी असोसिएशन से अध्यक्ष राजेश जिंदल कपिल भाटी आकाश तोमर व अन्य व्यापार मंडल के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

# बम नगाड़ा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** तिलपता करनवास में बम नगाड़ा का होली के उपलक्ष में के गीत गाकर हर वर्ष की भाँति बाबा




चरणसिह की अध्यक्षता में कंपटीशन हुआ व संचालन मास्टर मनमिंदर भाटी किसान नेता ने किया होली मिलन समारोह का जिसमें बम नगाड़े का रूपवास व फूलपुर तिलपता,पलवल की टीमों ने भाग लिया।

होली गायन कलाकार रतनपाल बील दादरी ने अपनी प्रस्तुति दी। योगेश भाटी नेता जी ने कहा की होली इसके उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति, होली,बड़े,प्यार व सौन्दर्य का प्रतीक देते, हैं किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के दादरी तहसील अध्यक्ष किसान नेता राजकुमार, रूपबास कहा की आने वाले युवाओं को अपने बुजुर्गों से सिखना चाहिए। गाँवों की संस्कृति को बचाये रखे ।अक्षय भाटी नेता जी ने भी सभी को होली की शुभकामनाएँ दी और कहा कि आगे से भी इसी प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

इस मौक़े पर पुलिस प्रशासन एसीपी थाना अध्यक्ष विभिन्न विभिन्न जगहों के चौकी इंचार्ज अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद थे और ग्रामवासी सहीराम भाटी ,करन सिंह पंजाब सुबेदार, भागमल, लाला भाटी, सुमन्त भाटी,सुरेश प्रधान,चवल तौगड,अजित तवंर,बोडा तुग पलवल,प्रताप नेता जी मुकेश मुक़दम, सुन्दर भाटी, बलराज बाबूराम धूम, सिंह भगत जी जिले,मुकेश,मुकदम रविंदर उर्फ कालू भाटी प्रवीण भाटी भूमेश,ॠषि,शिवकुमार, सतवीर आदि मौके पर मौजूद थे।

## होली कविता



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही )
ज्ञानपुर ( भदोही )

फूलों से गए छले हम
शूलों की राह चले हम
फूलों से गए छले हम।
आशा की गठरी और पीड़ा की थाती
लकड़ी के पांव और पत्थर की छाती
असहाय निरुपाय सारे सहगामी
भयग्रस्त राहों में झिलमिल सी बाती
अंधियारे दीप तले हम।
फूलों से गए छले हम।
धरती बिछौना और बादल की छाया
जाने क्या साध रही कंकाली काया गिर उठकर
दूरी यह दुर्गम तमाम की पर्वतों को
लांघ फांद उपवन तक आया
बर्फ की तरह से गले हम फूलों से गए छले
हम। अनजानी राहों में मंजिल है खोई
अपना स्वर गूंजे सुने नहीं कोई दावानल बीच
जले आंसू भी सूखे जीवन की
हार देख किस्मत है रोई
पछताए हाथ मले हम। फूलों से गए छले हम।




# भाई-चारे के साथ मनाए होली का त्यौहार : श्रीवास्तव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं लोक जनशक्ति पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेश श्रीवास्तव ने कहा है कि होली का त्योहार हमारे हिंदू समाज का सबसे बड़ा त्यौहार है। यह त्यौहार आपस में भाईचारे को मजबूत करने का काम करता है। उन्होंने कहा कि आज समाज में होली का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।



श्रीवास्तव ने कहा कि हम सभी लोग मिलकर के इस त्यौहार को और मजबूती देने का काम करें। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह रंगों का त्यौहार है इसमें फूहड़तापन बिल्कुल नहीं होनी चाहिए और हुड़दंग से लोगों को बचाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग होली के नाम पर महिलाओं एवं बच्चों के साथ जो हुडदंग करते हैं वह गलत है। इसे रोकना चाहिए उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि होली का त्यौहार भाई के आगे के साथ निभाए।

# शिक्षक संघ का होली मिलन समारोह आयोजित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** शिक्षक भवन तुगलपुर में प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक/होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षकों के चयन वेतनमान, वेतन बहाली, लंबित एरियरएवं बाल्यदेखभाल अवकाश आदि समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। सभी की सहमति के अनुसार होली अवकाश के उपरांत सभी समस्याओं के निराकर के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से संघ प्रतिनिधि एक मुलाकात कर समस्याओं का निवारण कराया जायेगा।

मण्डल अध्यक्ष मेघराज भाटी ने सभी को होली की शुभकामनाएँ दी और कहा कि प्रत्येक समस्याओं निराकरण कराना हमारी प्राथमिकता है। संबंधित अधिकारी से मुलाक़ात कर निवारण कराया जायेगा। जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि हमारा संघटन मजबूती के साथ प्रत्येक शिक्षक के साथ खड़ा है।

जिला मंत्री गजन भाटी ने बताया कि अभी हाल में हमने प्रत्येक ब्लॉक में मीटिंग कर शिक्षक समस्याओं को जाना है जिनका निवारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा करवाया जाएगा।
































श्रीमती आनंदीबेन पटेल
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

सभी प्रदेशवासियों को रंगों का पर्व



# होली



की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



गोविन्द शर्मा (पिंकी पंडित)
प्रान्तीय सहायक सचिव

अपराध निरोधक समिति (लखनऊ)